**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 5 मई 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

1. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज लाडवा एवं थानेसर हलके की 11 गौशालाओं के लिए 70 लाख 24 हज़ार रुपए की चारा अनुदान राशि जारी की- मुख्यमंत्री ने कहा- इस वित्त वर्ष में प्रदेश की सभी पंजीकृत गौशालाओं को सौर ऊर्जा वाले परिसरों में बदला जाएगा...

2. हरियाणा के विभिन्न जिलों में आज पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिवस पर स्वास्थ्य जांच शिविर सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया...

3. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा, वर्ष 2047 तक विकसित भारत का सपना महिलाओं को सशक्त करके ही साकार किया जा सकता है, मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के AI के उत्कृष्टता केंद्र में प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं को फीस में 50 प्रतिशत तक की छूट देने की घोषणा की...

4. भाजपा सांसद राघव चड्ढा ने पंजाब के तीन अन्य सांसदों के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात तक पंजाब सरकार पर कथित तौर पर राज्यतंत्र के दुरुपयोग का आरोप लगाया...

5. हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न जिलों में नगर निकाय चुनाव संबंधी तैयारियों की समीक्षा की...

=====================================

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज लाडवा एवं थानेसर हल्के की 11 पंजीकृत गौशालाओं के लिए 70 लाख 24 हजार रुपए की चारा अनुदान राशि की जारी की।

कुरुक्षेत्र में आयोजित गौशाला चारा अनुदान राशि वितरण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जारी की गई राशि को मिला कर वर्ष 2025 26 में पूरे प्रदेश की 619 पंजीकृत गौशालाओं के लिए कुल 228 करोड़ 58 लाख रुपए की चारा अनुदान राशि जारी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि पंजीकृत गौशालाओं को पिछले सवा 11 वर्षों में 526 करोड़ 45 लाख रुपए की चारा अनुदान राशि दी जा चुकी है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय राज्य में 697 पंजीकृत गौशालाएं जिनमें लगभग चार लाख से अधिक बेसहारा गोवंश का पालन पोषण हो रहा है।
मुख्यमंत्री ने गौवंश के संरक्षण के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा करते हुए कहा कि सरकार ने गौ माता की सुरक्षा के लिए एक सख्त कानून हरियाणा गोवंश संरक्षण व गौसंवर्धन अधिनियम 2015 किया लागू किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा गौशालयों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। वर्ष 2026 27 में प्रदेश की सभी पंजीकृत गौशालाओं को सौर ऊर्जा वाले परिसरों में परिवर्तित किया जाएगा।
उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 27 के बजट में 7 नए राजकीय पशु औषधालय खोलने का प्रावधान किया गया हैं।

=====================================================

हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने आज गांव अलावलपुर की बाबा बलराम दास गौशाला को 14 लाख रुपए, जोधपुर गांव में श्री राधे गौ सेवा समिति को 2 लाख 76 हज़ार रुपए और श्री वृंदा गौशाला को 86 हज़ार 940 रुपए का चेक भेंट

किया।  इस अवसर पर मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि गौ सेवा धार्मिक आस्था के साथ साथ समाज और मानवता के प्रति हमारी ज़िम्मेदारी भी है।

==============================================================

हरियाणा के विभिन्न जिलों में आज पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

रोहतक में सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा ने स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होेंने मनोहर लाल के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए उनके प्रशासनिक योगदान को सराहा। उन्होंने कहा कि श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन और पारदर्शी व्यवस्था को मजबूती मिली।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय कपिल कमल कैथल में इस उपलक्ष्य में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ ने पूर्व मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर नंदीशाला में नंदियों को गुड़ व चारा खिलाया। अन्य कई ज़िलों में भी पूर्व मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाए जाने के समाचार मिले हैं।

====================================================

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि वर्ष 2047 तक  'विकसित भारत' का सपना केवल महिलाओं को सशक्त करके ही साकार किया जा सकता है। जब महिलाएं सशक्त होंगी, तभी राष्ट्र नई ऊंचाइयों को छुएगा।

वे आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में, विश्वविद्यालय और सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित "सशक्त महिला, सशक्त

समाज, सशक्त राष्ट्र" विषय पर एक सेमिनार और प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र की पावन भूमि है पर अन्याय के विरुद्ध लड़े गए महाभारत के युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि यह यही संदेश देता है कि महिला पर अन्याय को देख चुप रहना भी अधर्म है। उन्होंने कहा कि आज भी समाज को इसी विचारधारा का अनुसरण करते हुए अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई ठोस कदम उठाए गए हैं। वर्ष 2023 में, महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए "नारी शक्ति वंदन" जैसी अहम पहल की गई।अब जब प्रधानमंत्री ने महिलाओं को 2029 के चुनाव से पहले उनका हक दिलाने के लिए संविधान संशोधन विधेयक लाए तो विपक्ष इसके खिलाफ लामबंद हो गया।जबकि महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए परिसीमन में जनसंख्य के हिसाब से  सीटें बढ़ाना जरूरी है।

उन्होंने 'विकसित भारत' के चार प्रमुख स्तंभों–महिलाएं, किसान, युवा और गरीब– को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में स्थित 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उत्कृष्टता केंद्र' को और अधिक मज़बूत बनाया जाएगा। यहाँ प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं को फ़ीस में 50 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही लड़कियों के लिए फ़ीस में 50% की छूट दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में  300 शोधकर्ताओं के लिए महिला छात्रावास बनाने की घोषणा भी की।

==================================================

भाजपा सांसद राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, संदीप पाठक और राजेंद्र गुप्ता ने आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात कर पंजाब में आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा कथित तौर पर राज्य तंत्र के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त की।

मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए श्री राघव चड्ढा ने आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार पर आरोप लगाया कि वह हाल ही में पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राज्यसभा सांसदों को निशाना बनाने के लिए राज्य तंत्र का इस्तेमाल कर रही है।

***मैं सीधे तौर पर आम आदमी पार्टी को कहना चाहता हूं कि आप ये विजिलेंस, ये पॉल्यूशन बोर्ड, ये पंजाब पुलिस का सहारा लेकर जो बदले की भावना से कार्रवाई कर रहे हैं, ये डेंजरेस खेल है जिसकी शुरुआत तो आपने कर दी है, लेकिन इसका अंत बहुत खराब होने जा रहा है। जब तक हम आपके साथ थे, हम तमाम लोग बहुत अच्छे, बड़े संस्कारी थे, आज्ञाकारी थे और जैसे ही आपका साथ हमने छोड़ा हम सब लोग भ्रष्टाचारी हो गए।***

इसी बीच, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों के भाजपा में शामिल होने के संबंध में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए श्री मान ने कहा कि आम आदमी पार्टी सांसदों का भाजपा में विलय असंवैधानिक है और उन्होंने राज्यसभा से उनकी अयोग्यता की मांग की।

=============================================

हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम विभिन्न जिलों के रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के साथ बैठक कर चुनाव संबंधी तैयारियों की समीक्षा की।

राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव गौरव कुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों को पोल-डैशबोर्ड पोर्टल पर लगातार अपने अपने मतदान केंद्रों से जुड़ी आवश्यक जानकारी अपडेट करते रहने को कहा।
उन्होंने, चुनाव वाले दिन शाम 6 बजे के बाद मतदान केंद्रों पर उपस्थित मतदाताओं के संबंध में जानकारी अपडेट करने तथा मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत समय पर चुनाव खत्म होना सुनिश्चित करने के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिए ।

==================================